Pioneer Public school (2021-2022)

Date 06/05/2021

*Day- Thursday

*Class- 5th

*Sub- Maths

Ex.3.1(Q.No.4,5 and 6 do in your

Copy.

and do practice in rough copy.

*Class- 5th

*Sub- English grammer

Lesson- 01 watch the video carefully.

https://youtu.be/Tpx8zmgPzLA

*Sub- EVS

L- 02 extra work do in fair copy.

*Subject- hindi gr

Lesson- 3(शब्द और वाक्य) read it

## वाक्य के अंग (Parts of Sentence)

### वाक्य के दो अंग होते हैं–

(क) उद्देश्य (ख) विधेय



(क) उद्देश्य– वाक्य में जिसके विषय में कुछ कहा जाए, उसे वाक्य कहते हैं; जैसे– राम पत्र लिखता है। यहाँ 'राम' उद्देश्य है।



(ख) विधेय– वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा जाए, उसे विधेय कहते हैं; जैसे– मोहन खाना खा रहा है। यहाँ 'खाना खा रहा है' विधेय है।

### पाठ के मुख्य बिंदु

* दो या दो से अधिक वर्णों का मेल जिसका कोई अर्थ हो, शब्द कहलाता है।
* शब्दों का वर्गीकरण चार प्रकार से किया जाता है– अर्थ के आधार पर, प्रयोग के आधार पर, उत्पत्ति के आधार पर, व्युत्पत्ति या रचना के आधार पर।
* अर्थ के आधार पर शब्द के दो भेद हैं– सार्थक और निरर्थक।
* प्रयोग के आधार पर शब्द के दो भेद होते हैं– विकारी और अविकारी।
* उत्पत्ति के आधार पर शब्द के पाँच भेद हैं– तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी और संकर।
* व्युत्पत्ति के आधार पर शब्द के तीन भेद हैं– रूढ़, यौगिक और योगरूढ़।
* एक ऐसा शब्द-समूह, जिससे वक्ता का आशय स्पष्ट हो जाए, वाक्य कहलाता है।
* वाक्य के दो अंग हैं– उद्देश्य और विधेय।

## अभ्यास

### (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. शब्द किसे कहते हैं?
2. शब्दों का वर्गीकरण किस-किस आधार पर होता है?
3. वाक्य की परिभाषा देकर वाक्य के अंग बताएँ।

## 3. उत्पत्ति के आधार पर–

(क) तत्सम (ख) तद्भव (ग) देशज (देशी)

(घ) विदेशज (विदेशी) (ङ) संकर

(क) **तत्सम शब्द–** संस्कृत के वे शब्द, जो हिंदी भाषा में ज्यों के त्यों (मूल रूप में) प्र होते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं; जैसे– मयूर, ग्राम, अग्नि, प्रस्तर आदि।

(ख) **तद्भव शब्द–** संस्कृत के वे शब्द, जो हिंदी भाषा में कुछ बदलकर आए हैं, तद्भव कहलाते हैं; जैसे– मोर, गाँव, आग, पत्थर आदि।

(ग) **देशज शब्द–** जो शब्द देश और समय की आवश्यकतानुसार बना लिए गए हैं, उन्हें देशज अथवा देशी शब्द कहते हैं; जैसे– खिड़की, थैला, पगड़ी आदि।

(घ) **विदेशज शब्द–** जो शब्द अत्यधिक विदेशी संपर्क के कारण अंग्रेज़ी, उर्दू, तुर्की, पुर्त चीनी आदि भाषाओं से हिंदी में आ गए हैं, उन्हें विदेशज या विदेशी शब्द कहते मास्टर, औरत, कैंची, लीची आदि।

(ङ) **संकर शब्द–** जो शब्द दो भिन्न-भिन्न भाषाओं के मेल से बने हैं, संकर शब्द कह हैं; जैसे– रेलगाड़ी = रेल + गाड़ी (अंग्रेज़ी + हिंदी) टिकटघर = टिकट + घर (अंग्रेज़ी + हिंदी)

## तत्सम, तद्भव, देशज एवं विदेशी शब्दों का परीक्षापयोगी शब्दकोश–

| तत्सम | तद्भव | देशज (देशी) | विदेशज (विदेशी) |
|---|---|---|---|
| आम्र | आम | पगड़ी | स्कूल |
| कर्म | काम | कपास | डॉक्टर |
| क्षेत्र | खेत | थैला | निब |
| अग्नि | आग | पिल्ला | कॉपी |
| ओष्ठ | ओंठ | जूता | ट्रक |
| घृत | घी | डिबिया | पेंसिल |
| जिह्वा | जीभ | लकड़ी | बटन |
| दंत | दाँत | लोटा | ड्रम |
| दश | दस | लड़का | कंप्यूटर |
| नयन | नैन | पेट | कानून |
| पंच | पाँच | फावड़ा | ज़मीन |
| दधि | दही | खुरपा | पटाखा |

Red Wings
Page No. ___ Date ___/___/20___

Q.6 The area - - - - - - - - South Indian States?

Sol - The area of four South Indian states.

| | | |
|---|---|---|
| Andhra Pradesh → | 3,76,916 | Sq Km |
| Karnataka → | 2,91,873 | " |
| Kerala → | 48,866 | " |
| Tamil Nadu – | 2,31,169 | " |
| | 948824 | |

9,48,824 Sq Km.

Ans.

Red Wings

Page No. ___ Date ___/___/20___

Q.6 The area--- ------South Indian States?

Sol- The area of four South Indian states.

| | |
|---|---|
| Andhra Pradesh → | 3,76,916 Sq Km |
| Karnataka → | 2,91,873 " |
| Kerala → | 48,866 " |
| Tamil Nadu – | 2,31,169 " |
| | 948824 |

9,48,824 Sq Km.

Ans.

Page No. ___ Date ___/___/20___

Date
06/05/2021

Class-V
Sub-Maths.
Ex-3.1

Day.
( ).
Thursday

Word Problems.

Q.4 Three Sugar - - - - - - - - - - the three factories?

Sol→ No. of bags In.

| | C | TL | L | TTh | Th | H | T | O |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I factory → | 4, | 2 | 8, | 1 | 7, | 3 | 6 | 2 |
| II factory → | 3, | 6 | 7, | 6 | 8, | 2 | 6 | 4 |
| III factory → + | | 1 | 9, | 3 | 6, | 4 | 4 | 2 |
| | 8, | 1 | 5, | 2 | 2, | 0 | 6 | 8 |

8,15,22,068 bags (Ans).

Q.5 A factory - - - - - - - - - In three years?

Sol:- No. of tubelights In

I year → 34,63,199
II year → 35,47,640
III year → + 10,23,333
80,34,172

80,34,172 tubelights.
Ans.

Class - V th
Day - Thursday
Page No.
Date
06-05-21 Subject - E.V.S

Ch-02

Extra Work.

Multiple choose questions (MCQs):-

1. Night blindness is caused due to the deficiencies of ________.

(a) Vitamin A ✓ (b) Vitamin C

2. Which of the following diseases is an examples of non-communicable diseases?

(a) Cancer (b) Diabetes.
(c) Hypertension (d) All of the above

3. Excessive bleeding during an injury is a deficiency of ________.

(a) Vitamin B (b) Vitamin K ✓

4. Which of the following diseases is caused by protein deficiency?

(a) Anaemia (b) Kwashiorkor ✓

Page No.
Date

5. Goitre and the enlarged ~~ty~~ thyroid gland are mainly diagnosed in patients with deficiencies of which of the following minerals?

(a) Iodine ✓ (b) Calcium.

CLASS- V
SUB- हिन्दी (G)

Date- 05/05/21
Day- ~~Wednesday~~ Thursday 6/5/21

# 3 शब्द और वाक्य (Word and Sentence)

'शब्द' भाषा का एक महत्वपूर्ण अंग है। संसार के सभी व्यक्ति, वस्तु, स्थान अथवा भाव आदि को शब्द द्वारा ही प्रकट किया जाता है। शब्द ऐसे वर्णों का मेल होता है, जिसका कोई अर्थ हो। अतः–

> दो या दो से अधिक वर्णों का मेल, जिसका कोई अर्थ हो, शब्द कहलाता है।

## शब्दों का वर्गीकरण (Classification of Words)

शब्दों का वर्गीकरण
- अर्थ के आधार पर
- प्रयोग के आधार पर
- उत्पत्ति के आधार पर
- व्युत्पत्ति या रचना के आधार पर

### 1. अर्थ के आधार पर–

(क) सार्थक शब्द (ख) निरर्थक शब्द

(क) **सार्थक शब्द**– जिन शब्दों का कोई अर्थ होता है, उन्हें सार्थक शब्द कहते हैं; जैसे– रोटी, पानी, कपड़ा आदि।

(ख) **निरर्थक शब्द**– जिन शब्दों का कोई अर्थ नहीं होता है, उन्हें निरर्थक शब्द कहते हैं; जैसे– रोटी-वोटी, पानी-वानी, कपड़ा-वपड़ा आदि।

### 2. प्रयोग के आधार पर–

(क) विकारी शब्द (ख) अविकारी शब्द

(क) **विकारी शब्द**– जिस शब्द का रूप वाक्य में प्रयोग करने पर बदल जाए, उसे विकारी शब्द कहते हैं; जैसे– लड़का–लड़के, घोड़ा–घोड़े आदि।

(ख) **अविकारी शब्द**– जिस शब्द का रूप वाक्य में प्रयोग करने पर न बदले, उसे अविकारी शब्द कहते हैं; जैसे– धीरे-धीरे, प्रतिदिन, तेज़ आदि।

## 4. व्युत्पत्ति या रचना (बनावट) के आधार पर–

(क) रूढ़ (ख) यौगिक (ग) योगरूढ़



(क) रूढ़ शब्द– वे शब्द जिनके टुकड़े करने पर उनका कोई अर्थ नहीं निकलता, उन्हें रूढ़ शब्द कहते हैं; जैसे– पानी (पा + नी), घर (घ + र), रात (रा + त) आदि।



(ख) यौगिक शब्द– जिन शब्दों के सार्थक टुकड़े हो सकें, उन्हें यौगिक शब्द कहते हैं; जैसे– पुस्तकालय (पुस्तक + आलय), बैलगाड़ी (बैल + गाड़ी), चिड़ियाघर (चिड़िया + घर) आदि।




(ग) योगरूढ़– जो शब्द यौगिक होते हुए भी किसी विशेष अर्थ का ज्ञान कराते हैं, उन्हें योगरूढ़ कहते हैं; जैसे– चारपाई, पंकज आदि।

उपर्युक्त उदाहरणों में 'चारपाई' का प्रयोग 'खाट' के लिए तथा 'पंकज' का प्रयोग 'कमल' के लिए प्रसिद्ध है।

## वाक्य (Sentence)

दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से वाक्य का निर्माण होता है। एक ऐसा शब्द-समूह, जि वक्ता (बोलने वाला) का आशय स्पष्ट हो जाए। जिन शब्द-समूहों से पूरी बात समझ न उसे वाक्य नहीं कहा जा सकता।

एक ऐसा शब्द-समूह, जिससे वक्ता का आशय स्पष्ट हो जाए, वाक्य कहलाता है।



जैसे–

यह मेरे नौकर का घर है।

उपर्युक्त वाक्य को पढ़ने से पूरी बात सरलता से समझ आ रही है, अतः शब्दों का वह समूह, जिससे पूरी बात समझ में आ जाए, उसे वाक्य कहते हैं।

नौकर का मेरे है घर यह।

उपर्युक्त वाक्य को पढ़ने से बात स में नहीं आ रही है, अतः इसे वाक्य कहा जा सकता।